भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3157

सोमवार, 15 मार्च, 2021/24 फाल्गुन, 1942 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

बटेश्वर स्थान के विकास को बढ़ावा देना

3157. श्री अजय कुमार मंडल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास भागलपुर में बटेश्वर स्थान सहित बिहार में पर्यटन क्षेत्र में स्थानों को बढ़ावा देने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो सत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त योजना के कार्यान्वयन के लिए किसी एजेंसी को प्राधिकृत किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय 'आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच)' तथा 'बाजार विकास सहायता सहित विदेशों में संवर्धन एवं प्रचार (ओपीएमडी)' नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत बिहार राज्य सहित देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों और परियोजनाओं का समग्र रूप से संवर्धन करता है। यह संवर्धन कार्य प्रचार अभियानों, सोशल मीडिया, समारोह, वेबसाइट आदि के माध्यम से किए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन तथा तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों की उपयोगिता आदि की शर्त आदि पर इन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाती है।

'स्वदेश दर्शन' तथा 'प्रसाद' योजनाओं के अंतर्गत बिहार राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

बटेश्वर स्थान के विकास को बढ़ावा देना के सम्बन्ध में दिनांक 15.03.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 3157 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत बिहार में स्वीकृत की गई योजनाएं

(करोड़ रु में)

क्र. सं.	**थीम**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	तीर्थंकर परिपथ	2016-17	वैशाली-आरा - मसद - पटना – राजगीर - पावापुरी - चम्पापुरी का विकास	37.19
2.	आध्यात्मिक परिपथ	2016-17	कांवड़िया मार्ग का समेकित विकास : सुल्तानगंज - धर्मशाला- देवघर	44.76
3.	बौद्ध परिपथ	2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास: बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	98.73
4.	ग्रामीण परिपथ	2017-18	गांधी सर्किट का विकास : भितिहरवा - चंद्राहिया – तुर्कौलिया	44.65
5.	आध्यात्मिक परिपथ	2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	47.52

प्रशाद योजना के अन्तर्गत बिहार में स्वीकृत की गई योजनाएं

(करोड़ रु में)

क्र.सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	2014-15	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास	4.27
2.	2015-16	पटना साहिब का विकास	41.54

****